बिहार स्टेट पावर ट्रॉन्समिशन कम्पनी लि0

(मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग)

निबंधित कार्यालयः-विधुत भवन, बेली रोड, पटना

Contact No:7763817975, 7763818077, email-hr.admin@bsptcl.bihar.gov.in, website-www.bsptcl.in

CIN-U74110 BR 2012 SGC 018889

कार्यालय आदेश सं0 – 306 / पटना, दिनांक 16/06/2023

T-VIII/असैनिक भंडार / 53/2023

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के संकल्प संख्या–1581 दिनांक–23.10.2018 के द्वारा बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के अन्तर्गत कुल 09 असैनिक अंचल एवं 22 असैनिक प्रमंडलों का गठन किया गया है। उक्त गठित असैनिक अंचलों एवं प्रमंडलों से संबंधित भंडार सामग्रियो के भंडारण तथा आगत–निर्गत हेतु भंडार कार्यालयों या भंडार कर्मियों के पदों का सृजन नहीं किया गया है, जिससे असैनिक कार्यालयों में सामग्रियों के क्रय, इसके भंडारण तथा आगत–निर्गत करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के संकल्प संख्या–634 दिनांक–02.03.2019 के द्वारा बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को पुर्नगठित किया गया, जिसके फलस्वरुप बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के अंतर्गत वर्तमान में कुल 03 संचरण जोन, 15 संचरण अंचल तथा 29 संचरण प्रमंडल कार्यरत है। क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित भंडार सामग्रियों के भंडारण तथा आगत–निर्गत हेतु प्रत्येक संचरण अंचल स्तर पर भंडार गृह तथा भंडार कर्मियों का पद सृजित है।

अतएव संचरण असैनिक अंचलों एवं इसके अधीनस्थ प्रमंडलों से संबंधित भंडार सामग्रियों के भंड़ारण तथा आगत–निर्गत हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विभिन्न असैनिक अंचलों को उनके नाम के सामने निम्नवत् अंकित संचरण अंचलों में स्थित भंडार के साथ सम्बद्ध किया जाता हैः–

क्र0 सं0	सम्बद्ध किए जाने वाले संचरण असैनिक अंचल का नाम	संचरण अंचल का नाम	नामित संचरण असैनिक प्रमंडल
1	2	3	4
1	संचरण असैनिक अंचल, दरभंगा	संचरण अंचल, दरभंगा	संचरण असैनिक प्रमंडल, दरभंगा
2	संचरण असैनिक अंचल, डेहरी ऑन–सोन	संचरण अंचल, डेहरी ऑन–सोन	संचरण असैनिक प्रमंडल, डेहरी ऑन–सोन
3	संचरण असैनिक अंचल, गया	संचरण अंचल, गया	संचरण असैनिक प्रमंडल, गया
4	संचरण असैनिक अंचल, भागलपुर	संचरण अंचल, भागलपुर	संचरण असैनिक प्रमंडल, भागलपुर
5	संचरण असैनिक अंचल, मधेपुरा	संचरण अंचल, मधेपुरा	संचरण असैनिक प्रमंडल, मधेपुरा
6	संचरण असैनिक अंचल, मुजफ्फरपुर	संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर	संचरण असैनिक प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
7	संचरण असैनिक अंचल, पूर्णियाँ	संचरण अंचल, पूर्णियाँ	संचरण असैनिक प्रमंडल, पूर्णियाँ
8	संचरण असैनिक अंचल, छपरा	संचरण अंचल, छपरा	संचरण असैनिक प्रमंडल, छपरा
9	संचरण असैनिक अंचल, पटना	संचरण अंचल, पटना (पूर्वी)	संचरण असैनिक प्रमंडल, पटना

2. संचरण असैनिक अंचलों एवं इसके अधीनस्थ प्रमंडलों से संबधित भंडार सामग्रियों के भंडार तथा आगत–निर्गत हेतु सम्बद्ध किए गए संचरण अचलों के भंडार में पदस्थापित भंडार कर्मी तथा इसके अभिरक्षक (Custodian) सहायक कार्यपालक अभियंता (भंडार)/ सहायक भंडार नियंत्रक होंगे। संचरण असैनिक अंचलों एवं इसके अधीनस्थ प्रमंडलों से संबंधित भंडार सामग्रियों के भंडारण तथा आगत–निर्गत से संबंधित अभिलेखों का संधारण अलग (Separately) से किया जाएगा।

3. संचरण असैनिक अंचलों एवं इसके अधीनस्थ प्रमंडलों से संबंधित भंडार सामग्रियों के भंडारण तथा आगत–निर्गत हेतु सम्बद्ध किए गए संचरण अंचलों के भंडार में पदस्थापित भंडार कर्मी तथा इसके अभिरक्षक (Custodian) सहायक कार्यपालक अभियंता (भंडार)/सहायक भंडार नियंत्रक, उपर्युक्त असैनिक प्रमंडलों में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता (असैनिक) को प्रतिवेदित करेंगे।

P.T.O

4. संचरण असैनिक अंचलों एवं इसके अधीनस्थ प्रमंडलों से संबंधित भंडार सामग्रियों के भंडारण तथा आगत–निर्गत हेतु मुख्य प्रभारी संबंधित संचरण असैनिक अंचलों के अधीक्षण अभियंता (असैनिक) होंगें, जिनको उपुर्यक्त असैनिक प्रमंडलों में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता (असैनिक) प्रतिवेदित करेंगें।

5. संचरण असैनिक अंचलों एवं इसके अधीनस्थ प्रमंडलों से संबंधित भंडार सामग्रियों के क्रय, भंडारण तथा आगत–निर्गत आदि से संबंधित लेखा कार्यो का निष्पादन संबंधित असैनिक अंचलों के लेखा विभाग के द्वारा किया जाएगा।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
ह0/–

(अनिल कुमार)
महाप्रबंधक(मा0सं0/प्रशा0)

ज्ञापांक – 1383 / पटना, दिनांक– 16/06/2023

प्रतिलिपिः–महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, सचंरण जोन, पटना/मुजफ्फरपुर/भागलपुर/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/मुख्य अभियंता (असैनिक)/उपमहाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/सभी लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक) /सभी लेखा पदाधिकारी, संचरण असैनिक अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, संचरण असैनिक प्रमंडल/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता (भंडार)/सभी सहायक भंडार नियंत्रक (भंडार)/सभी सहायक अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक प्रमंडल/डी0 बी0 ए0, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना से अनुरोध है कि इसकी प्रति कम्पनी के बेवसाईट पर अपलोड करवाने की कृपा करेंगें।

16.6.2023

(अनिल कुमार)
महाप्रबंधक(मा0सं0/प्रशा0)

Rm
16.06.23

⑪